इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.


# मध्यप्रदेश राजपत्र

## ( असाधारण )

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 246] भोपाल, मंगलवार, दिनांक 4 जून 2013—ज्येष्ठ 14, शक 1935


## किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 जून 2013

क्र. बी-11-7-2013-चौदह-2.—कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. 13011/02/2008—क्रेडिट II (पीटी), दिनांक 10 फरवरी 2013 के द्वारा जारी प्रशासनिक अनुदेश खरीफ मौसम 2013 के द्वारा दिये गये अधिकारों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन के द्वारा एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड् (AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LIMITED)/ आईसीआईसीआई. लोंबार्ड जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड (ICICI LOMARD GENERAL INSURANCE COMPANY LIMITED)/ एच.डी.एफ.सी.एग्रो जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड (HDFC ERGO GENERAL INSURANCE COMPANY LIMITED) के माध्यम से भारत सरकार द्वारा चयनित मध्यप्रदेश राज्य के ग्वालियर, दतिया एवं श्योपुर जिले में पायलेट आधार पर संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना खरीफ वर्ष 2013 के लिए निम्न अनुसार अधिसूचित की जाती है:—

2. मध्यप्रदेश राज्य में पायलेट आधार पर संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2013 के लिये जिले बीमा इकाई, अधिसूचित फसलें एवं बीमा कम्पनियों की सूची निम्नानुसार है:—

तालिका—1

| क्र.सं. | जिले | मुख्य फसले | बीमा इकाई | कृषक श्रेणी | बीमा कम्पनी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्वालियर | धान, सोयाबीन, बाजरा | ग्राम पंचायत/पटवारी हल्का | ऋणी और अऋणी कृषक | एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड. |
| 2 | दतिया | धान, मक्का | ग्राम पंचायत/पटवारी हल्का | ऋणी और अऋणी कृषक | आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इन्श्योरेंस कम्पनी लिमिटेड. |
| 3 | श्योपुर | धान, बाजरा, सोयाबीन, मक्का, तुअर. | ग्राम पंचायत/पटवारी हल्का | ऋणी और अऋणी कृषक | एच.डी.एफ.सी. एग्रो जनरल इन्श्योरेन्स कंपनी लिमिटेड. |

जोखिम स्तर के निर्धारण हेतु स्वीकृत प्रक्रिया, थ्रेशहोल्ड उपज तथा वास्तविक प्रीमियम दरें संक्षेप में **परिशिष्ट—1** में वर्णित है.

3. अधिसूचित फसलवार जोखिम स्तर, बीमित राशि की सीमाएं एवं प्रीमियम की दरें **परिशिष्ट—2** में है.—संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (पायलेट) के रूप में राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के स्थान पर क्रियान्वित की जावेगी, अत: यह योजना राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना की तरह सेवा शुल्क में छूट-प्राप्त है. पटवारी मुख्यालय/ग्राम पंचायतवार जानकारी **परिशिष्ट—3** में है.

4. **इस योजना का क्रियान्वयन खरीफ वर्ष 2013 में निम्नानुसार किया जाएगा:—**

4.1 **राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना का निकास:**—जिन अधिसूचित क्षेत्रों की अधिसूचित फसलों हेतु संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना क्रियान्वित की जा रही है वहां पर राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना क्रियान्वित नहीं होगी.

4.2 **बीमा आवरण के लिए पात्र किसान:**—अधिसूचित क्षेत्रों की अधिसूचित फसलों को उगाने वाले बटाईदारों, काश्तकारों सहित सभी कृषक योजना में कवर किए जाने योग्य हैं. योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित वर्गों के कृषकों को कवर किया जाएगा:

(क) **अनिवार्य आधार पर :** सभी कृषक जो अधिसूचित फसल उगा रहे हैं और वित्तीय संस्थानों से दिनांक 31 जुलाई, 2013 तक साख सीमा अनुमोदित है, जो कि ऋणी कृषक है. ऋण आवेदन में कृषक द्वारा घोषित रकबा अथवा वास्तविक बोये गये क्षेत्र के आधार पर बैंक शाखा द्वारा बीमा योग्य फसलों का आवरण पृथक्-पृथक् दर्शाना होगा.

(ख) **ऐच्छिक आधार पर :** अधिसूचित फसल उगाने वाले वे सभी कृषक (जो कि अऋणी कृषक) जो इस योजना में आने की इच्छा रखते हैं, वे निम्नानुसार हो सकते है:

(1) स्वयं मालिक—जमीन जोतने वाले कृषक.

(2) ठेके पर खेती के अन्तर्गत सम्मिलित कृषक, प्रत्यक्ष अथवा प्रवर्तक/आयोजक के द्वारा.

(3) कृषक समूह/खाद कंपनी की सेवा समितियां, कीटनाशक फर्म, फसल उत्पादक संस्थाएं, स्व-सहायता समूह, गैर-सरकारी संगठन एवं अन्य.

(4) कारपोरेट फार्म.

4.3 **बीमा इकाई.**—अधिसूचित फसलों हेतु बीमा की इकाई ग्राम पंचायत रहेगी. अधिसूचित फसलों की वर्गवारी तथा बीमा की इकाई तालिका 1 में वर्णित है.

4.4 **प्रीमियम अनुदान एवं प्रीमियम अनुदान की हिस्सेदारी.**—प्रीमियम दर की गणना वास्तविक आधार पर मानक प्रीमियम दर विधि (स्टैडर्ड प्रीमियम रेटिंग मेथेडोलोजी) का उपयोग कर की गई है. अनिवार्य आवरण अथवा थ्रेशहोल्ड उपज के मूल्य तक, ऋणी कृषक हेतु जो भी अधिक हो, और थ्रेशहोल्ड उपज के मूल्य तक अऋणी कृषकों को प्रीमियम में अनुदान दिया जावेगा. वास्तविक प्रीमियम (कुल) तथा कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि के अन्तर की राशि राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा 50 : 50 के अनुपात में अनुदान के रूप में **परिशिष्ट—1** के अनुसार वहन किया जायेगा. (फसलवार, क्षेत्रवार ब्यौरा **परिशिष्ट—2** में दिया गया है.) साथ ही राज्य सरकार द्वारा बीमा कम्पनी को प्रीमियम राशि में अनुदान का हिस्सा अग्रिम तौर पर दिया जावेगा, जो कि मौसम के आरंभ में, जो न्याय-संगत अनुमान के आधार पर होगा.

4.5 **बीमित राशि की सीमाएं तथा आवरण**

4.5.1 **ऋणी कृषक (अनिवार्य आधार पर).**—(क) अनिवार्य आवरण : बीमित राशि व्यक्तिगत कृषक जो अधिसूचित फसल के लिए जोत के अन्तर्गत रकबें की घोषणा (हेक्टेयर में)/जैसे ऋण आवेदन में उल्लेखित किया गया तथा अनिवार्य आवरण बीमित राशि प्रति हेक्टेयर अधिसूचना के **परिशिष्ट—2** में दर्शाएं अनुसार रहेगी.

4.5.2 अऋणी कृषक (ऐच्छिक आधार पर).—जो कृषक अधिसूचित मौसम के अन्तर्गत अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसल हेतु योजना में सम्मिलित होना चाहते हों और जो ऋणी कृषक के अन्तर्गत कवर नहीं किए गए हों ऐसे कृषक एक प्रस्ताव पत्र एवं प्रीमियम राशि के साथ नजदीकी बैंक शाखा अथवा अधिकृत चैनल पार्टनर अथवा बीमा कंपनी के बीमा मध्यस्थों के माध्यम से निर्धारित अंतिम तिथि के अंदर बीमा कर सकते हैं, किन्तु उस बैंक में कृषक का खाता होना आवश्यक है.

(क) **साधारण आवरण:** परिशिष्ट—2 के अनुसार थ्रेशहोल्ड उपज मूल्य तक साधारण आवरण माना जावेगा. कृषक द्वारा देय शुद्ध प्रीमियम दर परिशिष्ट—2 के अनुसार रहेगी. साधारण आवरण के अन्तर्गत प्रस्तावित रकबा कृषक द्वारा प्रस्ताव पत्र में उल्लेख करना होगा.

4.6 **मौसम अनुशासन**.—खरीफ 2013 मौसम के अन्तर्गत विभिन्न फसलों हेतु मौसम अनुशासन (अंतिम तिथियां) निम्नानुसार लागू रहेगी:

| गतिविधि | अंतिम अवधि/तिथि |
|---|---|
| अनिवार्य आवरण के अन्तर्गत ऋणी कृषकों के लिए ऋण अवधि (अनुमोदित ऋण) | 31 जुलाई 2013 तक |
| बैंक/समितियों द्वारा अऋणी कृषक के प्रस्ताव पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 31 जुलाई 2013 |
| बीमा कंपनी द्वारा बैंकों से ऋणी कृषक के घोषणापत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 30 सितम्बर 2013 |
| बीमा कंपनी द्वारा बैंकों से अऋणी कृषक के घोषणापत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 31 जुलाई 2013 |
| बीमा कंपनी द्वारा मध्यस्थों से अऋणी कृषक के घोषणापत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 31 जुलाई 2013 तक |
| औसत उपज के आंकडे प्राप्त करने की अंतिम तिथि | प्राथमिक तौर पर अंतिम फसल कटाई से एक माह के भीतर. |

4.7 **आवरण प्रक्रिया**

4.7.1 **ऋणी कृषक ( अनिवार्य बीमा )**.—वर्तमान में राष्ट्रीय कृषि बीमा योजनान्तर्गत प्रयोग हो रही नोडल बैंक पद्धति का प्रयोग संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के लिये भी किया जायेगा. सभी वाणिज्यिक बैंक (निजी बैंकों सहित), जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जो कि अधिसूचित मौसम में अधिसूचित फसल के लिये अधिसूचित बीमित इकाई क्षेत्र में फसल ऋण स्वीकृत/ वितरित कर रहे हैं वह सभी संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के अन्तर्गत अनिवार्य रूप से बीमा करें.

ऋणी कृषकों के लिये परिचालन पद्धतियां वर्तमान राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के अनुसार रहेगी. सभी बैंक किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसलों के लिये वितरित फसल ऋण का बीमा अनिवार्य रूप से मौसम अनुशासन के अनुसार करेंगी.

सभी फसल ऋण वितरित करने वाली बैंक शाखा/प्राथमिक कृषि सहकारी समिति प्रत्येक अधिसूचित क्षेत्र के लिये एक प्रीमियम रजिस्टर तैयार करेंगे जिसमें कृषक का नाम, फसल ऋण खाता संख्या, फसलवार बीमित क्षेत्र, फसलवार अनिवार्य बीमित राशि एवं प्रीमियम राशि का उल्लेख करेंगे.

बैंक शाखा बीमा के लिये अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल के लिये कृषक द्वारा ऋण आवेदन-पत्र में घोषित रकबा अथवा कृषक द्वारा वास्तविक बोया गया क्षेत्रफल का प्रयोग किया जायेगा.

वह ऋणी कृषक जो अनिवार्य बीमित राशि से अधिक का बीमा आवरण चाहते हैं, ऐसे कृषकों के लिये बैंक द्वारा तैयार किये गये प्रीमियम रजिस्टर में फसलवार बीमित क्षेत्र, बीमित राशि एवं अतिरिक्त आवरण अन्तर्गत प्रीमियम राशि तथा फसलवार बीमित क्षेत्र, बीमित राशि एवं विस्तरित बीमा आवरण अन्तर्गत प्रीमियम राशि का अलग से उल्लेख किया जायेगा.

बैंक शाखा द्वारा तैयार किये गये प्रीमियम रजिस्टर के आधार पर बैंक शाखा उस माह में स्वीकृत फसल ऋण का एक मासिक संगठित ब्यौरा तैयार करेंगी जिसमें फसलवार, बीमित इकाईवार फसल बीमा की जानकारी, बीमा प्रीमियम राशि के साथ अपने नोडल बैंक कार्यालय को 15 दिनों के अंदर भेंज देंगे.

बैंक शाखा/प्राथमिक कृषि सहकारी समिति बीमा प्रीमियम कंपोनेंट जो कि संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना में बीमा प्रीमियम भुगतान हेतु आवश्यक है, कृषक को स्वीकृत ऋण सीमा से अतिरिक्त ऋण वितरण करेंगे.

ऐसे फसल ऋण जो कि सोना/आभूषण के बदले में लिये गये हैं, अधिसूचित क्षेत्र व फसल के लिये है, तथा मौसम अनुशासन का पालन करते हैं, वह भी योजनान्तर्गत अनिवार्य बीमा आवरण के लिये पात्र हैं.

ऋणी कृषक के लिये बीमित राशि कृषक द्वारा घोषित जोत के अन्तर्गत अधिसूचित फसल के लिये रकबा (हेक्टेयर में) एवं अधिसूचना के परिशिष्ट—2 में दर्शायी गई अनिवार्य बीमित राशि के गुणांक के बराबर होगी.

नोडल बैंक कार्यालय बैंक शाखाओं/प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों से प्राप्त जानकारी को माहवार, अधिसूचित क्षेत्रवार, फसलवार, घोषणा-पत्र तैयार कर बीमा कंपनी को प्रीमियम राशि के बैंक चेक/ डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से अधिसूचना में घोषित फसलों एवं मौसम की अंतिम तिथियों के अनुरूप ऋणी कृषकों के घोषणा-पत्र प्रेषित करेंगे.

अतिरिक्त/विस्तरित आवरण वाले घोषणा-पत्रों को अधिसूचना के अनुसार घोषित अऋणी कृषकों की अंतिम तिथियों के अंदर ही बीमा कंपनी द्वारा स्वीकार किया जायेगा.

4.7.2 **अऋणी कृषकों के लिये आवरण प्रक्रिया.**—1.अऋणी कृषक का अपने क्षेत्र के सहकारी बैंक/वाणिज्यिक बैंक/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में बचत खाता होना अनिवार्य है.

2. अऋणी कृषक द्वारा पूर्ण रूप से भरा प्रस्ताव-पत्र, भूमि स्वामित्व के दस्तावेज की प्रतिलिपि एवं अपेक्षित प्रीमियम राशि बैंक में जमा करनी होगी. अऋणी कृषक को बीमित फसल का उगाई प्रमाण-पत्र संबंधित जिले के राजस्व/कृषि विभाग के अधिकारी से प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा.

3. अऋणी कृषक अपनी फसल का बीमा बैंकों के अलावा बीमा मध्यस्थ एवं बीमा कम्पनी के अधिकृत एजेन्ट से करा सकते हैं.

4.8 **क्षतिपूर्ति के निर्धारण की विभिन्न पद्धतियां.**—बीमित फसल की क्षतिपूर्ति का आंकलन निम्नलिखित क्षतिपूर्ति पद्धतियों के आधार पर किया जायेगा जो कि योजना की परिचालन पद्धतियों (Operational Guidelines) के अनुरूप है.

4.8.1 **फसल पैदावार के आधार पर/व्यापक आपदा के मामले में ( क्षेत्र आधारित ).**—फसल कटाई के पश्चात् राज्य शासन द्वारा प्रस्तुत किये गये वास्तविक उपज के आंकड़ों के आधार पर. गंभीर आपदा होने पर 25 प्रतिशत तक की संभावित क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान मौसम के दौरान किया जा सकता है.

4.8.2 **बुवाई नहीं हो पाने की स्थिति/बुवाई का फेल हो जाना** (Prevented Sowing/Sowing Failure) **(क्षेत्र आधारित ).**—यदि प्रदेश/एस.एल.सी.सी.आई. (प्राथमिक मौसम संकेतकों के अनुमान, क्षेत्र गणना, उपग्रह से प्राप्त चित्रों के आधार पर) यह निर्णय लेती है कि बीमित इकाई के अधिकांश क्षेत्र में बुवाई नहीं हो सकी या बुआई नष्ट हो गई तो ऐसी स्थिति में बीमित राशि के 25 प्रतिशत का भुगतान किया जायेगा. यदि इस आपदा के लिये क्षतिपूर्ति भुगतान किया जाता है, तो तत्पश्चात् बीमा आवरण उस फसल हेतु आगे के मौसम के लिये समाप्त माना जायेगा.

यदि मौसम के दौरान लगभग पूर्ण क्षतिपूर्ति की स्थिति उत्पन्न होती है. (किसी स्तर पर फसल चक्र की सम्पूर्ण लागत मूल्य को वहन नहीं किया गया हो) तो क्षतिपूर्ति का भुगतान graded scale के आधार पर किया जायेगा. चालू मौसम के दौरान क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जा सकता है यदि प्राथमिक मौसम संकेतकों से यह सिद्ध हो जाता है कि फसल की अपेक्षित उपज सामान्य उपज के 50 प्रतिशत से भी कम होगी.

4.8.3 **स्थानीय आपदाओं के मामले में क्षति का आंकलन.**—स्थानीय जोखिमों यथा ओलावृष्टि एवं भूस्खलन के मामलों में पृथक आधार (व्यक्तिगत आधार) पर क्षति संबंधी आंकलन किया जायेगा इन स्थानिक जोखिमों के कारण जिन बीमित किसानों को फसल की हानि होती है, वे वित्तीय संस्था/कार्यान्वयन एजेन्सी के क्षेत्रीय कार्यालय/जिला कृषि विभाग को तत्काल और अनिवार्य रूप से 48 घंटे के अंदर बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति के कारण सहित सूचित करेंगे. हानि संबंधी सूचना मिलने पर कार्यान्वयक एजेन्सी फसल की हानि का अनुमान लगाने के लिये क्षेत्र में हानि निर्धारक/Technical Personnel of the Company, को भेजेगी. ग्राम पंचायत में कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग फसल की हानि की मात्रा का अनुमान लगाने में कार्यान्वयक एजेन्सी की सहायता करेगा.

4.9 **बैंकों के लिये सेवा शुल्क.**—नोडल बैंकों को कृषक द्वारा प्रेषित प्रीमियम राशि पर 2.50 प्रतिशत की दर से सेवा शुल्क का भुगतान बीमा कम्पनी के द्वारा किया जायेगा.

4.10 **विभिन्न एजेन्सियों की भूमिका**—विभिन्न एजेन्सियों जैसे राज्य शासन, नोडल बैंक, बीमा कंपनी एवं कृषकों की भूमिका एवं दायित्वों का विवरण भारत सरकार द्वारा जारी योजना की परिचालन पद्धतियों में दिया गया है. आई.सी.आई.सी.आई. लोम्बार्ड जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड/एच.डी.एफ.सी. एर्ग्रो जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड को बीमे की कार्यवाही ए.आई.सी. के अनुरूप बैंकों के माध्यम से करना होगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**बी. एस. धुर्वे,** उपसचिव.

परिशिष्ट-1

## संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (MNAIS): क्षतिपूर्ति स्तर की गणना, थ्रेशहोल्ड उपज, वास्तविक प्रीमियम दर एवं प्रीमियम अनुदान की गणना की गणना के संबंध में संक्षिप्त टिप्पणी

(1) **क्षतिपूर्ति स्तर.**—संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के अन्तर्गत बीमा कंपनी द्वारा निर्धारित किये गये जोखिम के तीन स्तर 70, 80 एवं 90 प्रतिशत है जो कि उच्च, मध्यम एवं कम जोखिम को दर्शाते हैं. योजना के अन्तर्गत सुधारित विशेषताएं तथा बीमांकक द्वारा दिये गये सुझाव के आधार पर क्षतिपूर्ति स्तर हानि मूल्य (कुल क्षतिपूर्ति जो कुल बीमित राशि का प्रतिशत है) का आंकलन किया जायेगा जोखिम स्तर का निर्धारण जिले की फसल की पिछले 10 वर्षों की औसत उपज के बिखराव (variability) आंकड़ों के आधार पर होगा.

(2) **थ्रेशहोल्ड उपज.**—संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना में यह प्रावधान है कि किसी फसल के लिये थ्रेशहोल्ड उपज या गारन्टीड उपज पिछले सात वर्षों की औसत उपज के आंकड़ों के आधार पर जिनमें से अधिकतम दो वर्ष जहां पर सरकार/ प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राकृतिक आपदा घोषित की गई हो, को छोड़कर क्षतिपूर्ति स्तर से गुणा कर निकाली जाएगी. हालांकि यह सुनिश्चित करना होगा कि न्यूनतम पिछले पांच वर्षों के उपज के आंकड़ें थ्रेशहोल्ड उपज की गणना के लिये उपलब्ध हो. संशोधित रा.कृ.बी.यो. में यह प्रावधान है कि मुख्य फसलों के लिये बीमा इकाई गांव/ग्राम पंचायत होगी. हालांकि ऐसे अनेक उदाहरण हैं कि जहां गांव/ग्राम पंचायत स्तर के विगत वर्षों के उपज के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं. ऐसी स्थिति में गांव/ग्राम पंचायत स्तर पर थ्रेशहोल्ड उपज की गणना के लिए उच्च बीमा इकाई अथवा उच्च बीमा इकाई एवं गांव/ग्राम पंचायत स्तर के आंकड़ों का संयुक्त औसत जहां पर गांव/ग्राम पंचायत स्तर के कुछ वर्षो के आँकड़े उपलब्ध हैं. उपरोक्त के अनुसार उपज प्राप्त होने पर थ्रेशहोल्ड उपज की गणना जोखिम स्तर से गुना कर की जावेगी.

(3) **वास्तविक प्रीमियम दर**—संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के अन्तर्गत वास्तविक प्रीमियम दर की गणना अनुभव मूल्यांकन तथा विगत 10 वर्षों के क्षतिपूर्ति अनुभव के आधार, यदि ऐसा होने पर की जावेगी. शुद्ध प्रीमियम दर की गणना योजनान्तर्गत विभिन्न अतिरिक्त लाभ के अलावा क्षतिपूर्ति अनुभव, यदि ऐसा होने पर का समायोजन करते हुए की जावेगी एवं कारोबार व्यय, वित्तीय लागत, पुनर्बीमा आदि पर होने होने वाले व्यय को ध्यान में रखते हुए वास्तविक एवं वाणिज्यिक प्रीमियम दर की गणना की गई है.

(4) **प्रीमियम अनुदान की गणना.**—संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के अन्तर्गत कृषक को प्रीमियम अनुदान निम्न तालिका अनुसार किया जावेगा.

| क्र. | प्रीमियम स्तर | कृषकों को प्रीमियम अनुदान |
|---|---|---|
| 1 | 2 प्रतिशत तक | नहीं. |
| 2 | > 2 से 5 प्रतिशत | 40 प्रतिशत किन्तु नेट प्रीमियम का न्यूनतम 2 प्रतिशत |
| 3 | > 5 से 10 प्रतिशत | 50 प्रतिशत किन्तु नेट प्रीमियम का न्यूनतम 3 प्रतिशत |
| 4 | > 10 से 15 प्रतिशत | 60 प्रतिशत किन्तु नेट प्रीमियम का न्यूनतम 5 प्रतिशत |
| 5 | > 15 प्रतिशत | 75 प्रतिशत किन्तु नेट प्रीमियम का न्यूनतम 6 प्रतिशत |

नेट प्रीमियम से अभिप्राय है कृषक द्वारा वहन की जाने वाली प्रीमियम दर जो कि प्रीमियम अनुदान का हिस्सा निकालने के बाद शेष बची राशि होगी.

परिशिष्ट–2

**संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (पायलट)-खरीफ 2013 क्रियान्वयन एजेन्सी :—एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड तहसील, बीमित राशि एवं प्रीमियम दर-जिला-ग्वालियर क्षतिपूर्ति स्तर-70-%**

| सामान्य आवरण प्रति हेक्टेयर (थ्रेशहोल्ड उपज के मूल्य तक) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अधिसूचित फसलें | तहसील | बीमित राशि (रुपये/हेक्टेयर) | वास्तविक प्रीमियम दर (प्रतिशत में) | कृषकों द्वारा देय प्रीमियम दर (प्रतिशत में) | राज्य एवं केन्द्र शासन द्वारा देय प्रीमियम (प्रतिशत में) |
| धान सिंचित | ग्वालियर, डबरा, भितरवार, चिन्नौर | 26394 | 4.00% | 2.40% | 1.60% |
| सोयाबीन | ग्वालियर, डबरा, भितरवार, चिन्नौर | 23636 | 5.00% | 3.00% | 2.00% |
| बाजरा | ग्वालियर, डबरा, भितरवार, चिन्नौर | 12178 | 4.00% | 2.40% | 1.60% |

**टीप.**—ऋणी कृषकों के लिये बीमित राशि स्वीकृत/पूर्ण वितरित ऋण राशि के बराबर होगी एवं उस पर कृषक द्वारा देय प्रीमियम दर लिया जाएगा.

परिशिष्ट-2

**संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (पायलट)-खरीफ 2013 क्रियान्वयन एजेन्सी :—आई.सी.आई.सी.आई. लोम्बार्ड जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड तहसील, बीमित राशि एवं प्रीमियम दर-जिला-दतिया क्षतिपूर्ति स्तर-70%**

सामान्य आवरण प्रति हेक्टेयर (थ्रेशहोल्ड उपज के मूल्य तक)

| अधिसूचित फसलें | तहसील | बीमित राशि (रुपये/हेक्टेयर) | वास्तविक प्रीमियम दर (प्रतिशत में) | कृषकों द्वारा देय प्रीमियम दर (प्रतिशत में) | राज्य एवं केन्द्र शासन द्वारा देय प्रीमियम (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|---|
| मक्का | दतिया, सेवढ़ा, इन्दरगढ़, भाण्डेर | 8434 | 1.80% | 1.80% | 0.00% |
| धान सिंचित | दतिया, सेवढ़ा, इन्दरगढ़, भाण्डेर | 10780 | 2.70% | 2.00% | 0.70% |

**टीप.**—ऋणी कृषकों के लिये बीमित राशि स्वीकृत/पूर्ण वितरित ऋण राशि के बराबर होगी एवं उस पर कृषक द्वारा देय प्रीमियम दर लिया जाएगा.

परिशिष्ट-2

**संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (पायलट)-खरीफ 2013 क्रियान्वयन एजेन्सी :—एच.डी.एफ.सी.एग्रो जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड तहसील, बीमित राशि एवं प्रीमियम दर-जिला-श्योपुर क्षतिपूर्ति स्तर 70%**

सामान्य आवरण प्रति हेक्टेयर (थ्रेशहोल्ड उपज के मूल्य तक)

| अधिसूचित फसलें | तहसील | बीमित राशि (रुपये/हेक्टेयर) | वास्तविक प्रीमियम दर (प्रतिशत में) | कृषकों द्वारा देय प्रीमियम दर (प्रतिशत में) | राज्य एवं केन्द्र शासन द्वारा देय प्रीमियम (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|---|
| धान सिंचित | श्योपुर, बड़ोदा, कराहल, बीरपुर, विजयपुर. | 19250 | 2.95% | 2.00% | 0.95% |
| सोयाबीन | श्योपुर, बड़ोदा, कराहल, बीरपुर, विजयपुर. | 13465 | 3.20% | 2.00% | 1.20% |
| मक्का | श्योपुर, बड़ोदा, कराहल, बीरपुर, विजयपुर. | 5732 | 3.40% | 2.04% | 1.36% |
| बाजरा | श्योपुर, बड़ोदा, कराहल, बीरपुर, विजयपुर. | 11293 | 3.50% | 2.10% | 1.40% |
| तुअर | श्योपुर, बड़ोदा, कराहल, बीरपुर, विजयपुर. | 10857 | 13.00% | 5.20% | 7.80% |

**टीप.**—ऋणी कृषकों के लिये बीमित राशि स्वीकृत/पूर्ण वितरित ऋण राशि के बराबर होगी एवं उस पर कृषक द्वारा देय प्रीमियम दर लिया जाएगा.

संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना खरीफ हेतु अधिसूचित की जाने वाली फसलवार पटवारी हल्कों की सूची

| | खरीफ | | वर्ष | 2013- | 100 हेक्टर या उससे अधिक क्षेत्रफलवाली चयनित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | तहसील | रा.नि.म. | पटवारी | पटवारी | धान सिंचित | धान | सोयाबी | तुअ | मक्का | बाजरा |
| | | | | | | | | | | |
| दतिया | | | | | | | | | | |
| | ईन्दरगढ़ | | | | | | | | | |
| | | धीरपुरा | | | | | | | | |
| | | | 43 | रूरूआराय | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 45 | देगवांगुर्जर | धानसिंचित | | | | | |
| | | | 47 | कटापुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | ईन्दरगढ़ | 24 | ईन्दरगढ़ | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | सेवढ़ा | थरेट | 30 | परसौदाबामन | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 31 | ग्रडौखरी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 32 | मलियापुरा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 33 | भगुवापुरा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | दतिया | उदगुवां | 32 | जिगना | | - | - | - | मक्का | - |
| | | | 47 | खमेरा | | - | - | - | मक्का | - |

## संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना खरीफ हेतु अधिसूचित की जाने वाली फसलवार पटवारी हल्कों की सूची

| मौसम | खरीफ | | वर्ष | 2013-2014 | 100 हेक्टर या उससे अधिक क्षेत्रफलवाली चयनित फसलों की हल्कावार सूची | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | रा.नि.म.का नाम | पटवारी हल्का न. | पटवारी मुख्यालय का नाम | धान सिंचित | धान असिंचित | सोयाबीन | तुअर | मक्का | बाजरा |
| ग्वालियर | | | | | | | | | | |
| | ग्वालियर | | | | | | | | | |
| | | गुठीला | | | | | | | - | बाजरा |
| | | | 00100 | गिरगांव | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00101 | बरेठा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00103 | गुठीला | | - | - | - | - | - |
| | | | 00110 | बैहटा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00111 | जहांगीरपुर | धानसिंचित | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00106 | पाररोल | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00104 | बहादुरपुर | | - | - | | | |
| | | घाटीगांव | | | | | | | - | बाजरा |
| | | | 00015 | आरोन | | | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00016 | चैत | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00018 | सिमरियाटांका | | - | - | - | | |
| | | | 00019 | महारामपुरा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00020 | सिरसा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00022 | पार | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00023 | पनिहार | धानसिंचित | - | - | - | - | बाजरा |
| | | मुरार | | | | | | | | |
| | | | 00098 | भदरौली | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00097 | चक रायपुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00095 | जलालपुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00096 | जग्हार | धानसिंचित | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00085 | रौरा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00086 | बस्तरी | | - | | | | |
| | | मोहना | | | | | | | | - |
| | | | 00008 | मोहना | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00009 | उम्मेदगढ | | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00010 | बन्हेरी | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00011 | करही | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00014 | समराई | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00001 | बागवालागांव | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00002 | उखोदा | | - | - | - | - | - |
| | | | 00006 | सहसारी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00007 | बडागांव | धानसिंचित | - | - | - | - | |
| | | रायरू | | | | | | | | |
| | | | 00047 | मालनपुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00046 | पुरानी छावनी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00048 | मिलावली | धानसिंचित | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00049 | बरौआ मूरावाद | धानसिंचित | - | - | - | - | |
| | | | 00 50 | सुसेरा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00051 | रायरू | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 0052 | रुद्रपुरा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | सुपावली | | | | | | | | बाजरा |
| | | | 00121 | सुपावली | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00125 | बिजोली | | - | - | - | - | |
| | चिनोर | | | | | | | | | |
| | | आंतरी | | | | | | | | बाजरा |
| | | | 00003 | बडेरा भारस | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00004 | आंतरी | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00005 | ऐराया | | - | - | - | - | - |
| | | | 00006 | कछौआ | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00008 | भरथरी | | - | - | - | - | - |
| | | | 00009 | पुरी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00010 | बडकी सराय | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00012 | पिपरौ | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00013 | भैंगना | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00014 | कैथी | धानसिंचित | - | - | - | - | |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 00015 | खिशनपुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00016 | भोरी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00001 | अमरौल | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00011 | खैरवाया | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | चिनोर | | | | | | | | |
| | | | 00030 | मेहगांव | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00031 | सिरसुला | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00032 | किशोरगढ | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00033 | चीनोर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00034 | ररूआ | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00035 | घरसोंदी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00036 | नौन की सराय | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00037 | मैना | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00038 | दौनी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00039 | दौलतपुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00040 | पचौरा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00024 | पुरावनवार | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00025 | ककरधा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00028 | करहिया | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00029 | ईटमा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | डबरा | | | | | | | | | |
| | | छीमक | | | | | | | | |
| | | | J0065 | चितावली | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00066 | महाराजपुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00067 | रजियावर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00068 | आकबई छोटी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00069 | छीमक | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00071 | खेड़ीरायमल | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00073 | देवरा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00062 | लोहगढ | | - | - | - | - | - |
| | | | 00078 | झाडौली | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00079 | करियावटी | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00083 | विजकपुर | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00084 | भैंसनारी | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00061 | मगरौरा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00063 | बरौठा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00064 | सालवई | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | डबरा | | | | | | | | |
| | | | 00043 | पठा पनिहार | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00044 | समूदन | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00045 | टेकनपुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00046 | बौना | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00047 | बेरू | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00048 | चौंभो | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00049 | खडवई | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00050 | बारोल | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00038 | अरूसी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00041 | सरनागत | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00042 | सुल्तानपुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00051 | इटायल | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00052 | सिमरियाताल | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00055 | गेडौलकलां | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00056 | डबरा ग्राम | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00059 | कर्रा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | पिछोर | | | | | | | | |
| | | | 00029 | बीरमढाना | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00030 | आकबई बड़ी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00031 | धई | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00033 | पिछोर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | चिलौआ | | | | | | | | |
| | | | 00001 | कल्याणी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00006 | चिरूली | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | भितरवार | | | | | | | | | |
| | | देवरीकलां | | | | | | | | |
| | | | 00030 | चिटोली | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00031 | हरसी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00032 | बेलखेडा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00033 | घेवट | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00034 | देवरीकलां | धानसिंचित | - | - | - | - | - |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 00036 | मस्तुरा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00037 | गधौटा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00038 | पलायछा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00039 | बनियातौर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00040 | सहारन | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00041 | आदमपुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00043 | खेड़ा भितरवार | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00022 | थेला | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00023 | खेड़ाटाका | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00024 | रिठोदन | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00025 | स्याउ | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00026 | रिछारीकलां | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00028 | बाजना | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00035 | मसाहरी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00042 | देवगढ | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00044 | मोहनगढ | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00045 | खडौआ | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | भितरवार | | | | | | | | |
| | | | 00001 | सिंघारन | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00002 | गढाजर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00003 | चरखा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00004 | बरौआ | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00005 | इकहरा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00006 | सोला खिरिया | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00008 | बागवई | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00016 | सासन | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00017 | भितरवार | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00018 | चिठोदा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00019 | श्यामपुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00020 | जौरा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00021 | रही | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00007 | बन्हेरी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00009 | बासोडी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00011 | लुहारी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00013 | बामरोल | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00014 | केरूआ | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00015 | गोहिन्दा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |

## संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना खरीफ हेतु अधिसूचित की जाने वाली फसलवार पटवारी हल्कों की सूची

| | | | | | 100 हेक्टर या उससे अधिक क्षेत्रफलवाला चयनित फसलों का | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मौसम | खरीफ | | वर्ष | 2013-2014 | | | | | | |
| | | | पटवारी | पटवारी | धान सिंचित | धान | सोयाबीन | तुअर | मक्का | बाजरा |
| जिला | तहसील | रा.नि.म.का | | | | | | | | |
| श्योपुर | | | | | | | | | | |
| | कराहल | | | | | | | | | |
| | | कराहल | | | | | | | | |
| | | | 00024 | मोरायत | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00025 | बासेड | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00026 | सैराईपुरा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00027 | मेहरवानी | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00029 | खिरखिरी | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00030 | बाढ | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00031 | रानीपुरा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00032 | कराहल | | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00033 | पनवाडा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | गोरस | | | | | | | | |
| | | | 00006 | चितारा | | - | - | - | मक्का | - |
| | | | 00010 | गोठरा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | पेहला | | | | | | | | |
| | | | 00016 | आवदा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00034 | पहैला | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00037 | ससवाडा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | बडोद | | | | | | | | | |
| | | पाणडोला | | | | | | | | |
| | | | 00021 | बावडीचापा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | बडौदा | | | | | | | | |
| | | | 00003 | बहडावद | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00004 | कुहजापुर | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00005 | बांसोद | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00006 | अलापुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00007 | उतनवाड | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00008 | हिरनीखेडा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00009 | नारायणपुरा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00010 | लुहाड | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00011 | गलमान्या | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00012 | पाण्डोली | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00013 | पाण्डोला | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00014 | लुड | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00015 | फिलोजपुरा | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00016 | तलावडा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00017 | ढोढपुर | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00018 | नयागांव | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00019 | राडेप | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00020 | मेखडाहेडी | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00025 | इन्द्रपुरा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00026 | प्रेमपुरा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00027 | ललितपुरा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00028 | उद्योतपुरा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00029 | राधापुरा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00030 | कडायथा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00031 | मकडावदाकलां | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00032 | बोरदादेह | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00033 | भिलवाडिया | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00034 | महाराजपुरा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00035 | रतोदन | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | विजयपुर | | | | | | | | | |
| | | अगरा | | | | | | | | |
| | | | 00002 | अरोंद | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00004 | अगरा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00005 | उमरीकलां | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00012 | बैनीपुरा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00015 | इकलोद | | - | - | तुअर | - | बाजरा |
| | | गसवानी | | | | | | | | |
| | | | 00011 | वडादाकलां | | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00040 | सारंगपुर | | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00041 | चिमलवानी | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00042 | खारजान | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00043 | वढोस | | - | सोयाबीन | - | - | - |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 00044 | सहसराम | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00045 | फरारा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00046 | गरावाड़ी | | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00047 | किजरी | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00048 | नहरखेड़ा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | विजयपुर | | | | | | | | |
| | | | 00016 | हल्लपुर | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00017 | गढ़ी | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00021 | लाडपुरा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00023 | विजयपुर | | - | - | तुअर | - | बाजरा |
| | | | 00024 | सुनवई | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00025 | बागरोद | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00027 | गोहरा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00029 | दोर्द | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00031 | गेवरा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00032 | काठोद | | - | - | तुअर | - | बाजरा |
| | | | 00034 | गोहठा | | - | - | तुअर | - | बाजरा |
| | | | 00035 | गांवडी | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00037 | दाउदपुर | | - | - | - | - | बाजरा |
| | वीरपुर | | | | | | | | | |
| | | रघुनाथपुर | | | | | | | | |
| | | | 00001 | दांतेटी | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00002 | यलावनी | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00003 | दर्राखुर्द | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00004 | धनायचा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00006 | किन्नपुरा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00007 | सुठारा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00010 | हिरापुरा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00014 | रघुनाथपुर | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00028 | गोरेका | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | वीरपुर | | | | | | | | |
| | | | 00012 | रिझेटा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00013 | वरोली | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00015 | घौरीवायडी | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00016 | जमुर्दी | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00017 | नदीगांव | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00018 | घुघस | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00019 | गोहर | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00020 | जिमरछा | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00021 | नितनवास | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00022 | पांचो | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00024 | वडागांव | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00025 | वीरपुर | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00026 | जाखेर | | - | - | - | - | बाजरा |
| | | | 00027 | श्यामपुर | | - | - | - | - | बाजरा |
| | श्योपुर | | | | | | | | | |
| | | प्रेमसर | | | | | | | | |
| | | | 00015 | लहचौडा | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00024 | वनवाडा | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00025 | वडौदाराम | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00028 | सोठवां | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00042 | गोहेडा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00043 | कवरसली | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00044 | आसीदा | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | | 00045 | प्रेमसर | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00059 | ढोंटी | धानसिंचित | - | - | - | - | - |
| | | मानपुर | | | | | | | | |
| | | | 00001 | खिरखिरी | | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00003 | हांसिलपुर | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00004 | वगदिया | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00002 | ढोढर | | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00005 | धीरोली | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00006 | सेमल्दा | | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00007 | लाडपुरा | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00008 | काशीपुर | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00009 | मानपुर | | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00010 | जैनी | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00011 | सेवापुर | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00012 | जवासा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00013 | तलावदा | धानसिंचित | - | सोयाबीन | - | - | - |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 00014 | दांतरदांकला | धानसिचिंत | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00016 | जावदेश्वर | धानसिचिंत | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00017 | बहरावदा | | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00018 | मेवाड़ा | धानसिचिंत | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00019 | चककमुल्या | धानसिचिंत | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00020 | शंकरपुर | धानसिचिंत | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00021 | ठेगरूनावदा | धानसिचिंत | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00022 | ददनी | धानसिचिंत | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00023 | बगडुआ | धानसिचिंत | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | श्योपुर | | | | | | | | |
| | | | 00030 | सोईकला | धानसिचिंत | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00031 | ज्वालापुर | धानसिचिंत | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00032 | नन्दापुर | धानसिचिंत | - | सोयाबीन | - | - | बाजरा |
| | | | 00033 | बधावजर्ग | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00037 | कलारना | धानसिचिंत | - | - | - | - | - |
| | | | 00038 | रायपुरा | धानसिचिंत | - | - | - | - | - |
| | | | 00039 | नागदा | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00040 | नगदी | | - | सोयाबीन | - | - | - |
| | | | 00061 | मिठेपुरा | धानसिचिंत | - | - | - | - | - |
| | | | 00062 | सेमल्दा हवेली | धानसिचिंत | - | - | - | - | - |
| | | | 00063 | अजापुरा | धानसिचिंत | - | - | - | - | - |
| | | | 00064 | हलगांवडावजर्ग | धानसिचिंत | - | - | - | - | - |
| | | | 00065 | जानपुरा | धानसिचिंत | - | - | - | - | - |
| | | | 00066 | मयापुर | धानसिचिंत | - | - | - | - | - |
| | | | 00067 | फतेहपुर | धानसिचिंत | - | - | - | - | - |

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.